हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 31 जुलाई 2025



04 प्राचीन पुल व अतिवर्षा से पीड़ित किसानों को लेकर...





07 घरों में घुसा पानी, दहशत में कटी शहरवासियों...






## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 775.3 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 775.3 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 1046.9 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 604.4 मि.मी., जैसीनगर में 691 मि.मी., राहतगढ़ में 1046.9 मि.मी., बीना में 669.8 मि.मी., खुरई में 843.4 मि.मी, मालथौन में 760.3 मि.मी., बण्डा में 680.2 मि.मी, शाहगढ में 713.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 686.6 मि.मी, रहली में 654.4 मि.मी, देवरी में 990.3 मि.मी. तथा केसली में 962.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज़ 2025

**सागर।** पर्यटन को बढ़ावा देने के उदेश्य से 1 अगस्त 2025 को मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जिला स्तर पर पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन प्रथम चरण (लिखित) उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सागर में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय चरण (ऑडियो विजुवल) का आयोजन रविन्द्र भवन सागर में दोपहर 02:30 बजे से सांय 04:30 बजे तक किया जाना है। इस साल सागर जिले से क्विज प्रतियोगिता हेतु 354 टीमों द्वारा पंजीयन किया गया है। यह प्रतियोगिता दो चरणो में आयोजित की जायेंगी। प्रथम चरण में लिखित परीक्षा होगी। इसमें सर्वाधिक अंक पाने वाली 06 टीमें द्वितिय चरण में जावेगी। यह चरण मल्टीमीडिया राउंड होगा। जिसमें क्विज मास्टर द्वारा रोचक पूछे जावेगें। प्रथम तीन विजेता टीमों को मेडल, प्रमाण पत्र और 03 दिन 02 रात पर्यटन भ्रमण कूपन मिलेगा। अगली 03 टीमों को मेडल, प्रमाण पंत्र और 02 दिन 01 रात का भ्रमण कूपन मिलगा। सभी प्रतिभागीयों को प्रमाण पत्र दिये जायेंगें।

### एक दिवसीय बिगनर्स कोर्स का प्रशिक्षण संपन्न

**सागर।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला सागर एवं दमोह के जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में एक दिवसीय बिगनर्स कोर्स का आयोजन स्वीडिश मिशन हायर सेकेंडरी सागर एवं नव जागृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल शासकीय उ.उ.मा वि तेंदूखेड़ा जिला दमोह में किया गया । प्रशिक्षण का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य की अध्यक्षता में ईश प्रार्थना कर पंजीयन कार्य से शुरू किया गया, प्राचार्य नव जागृति स्कूल रूबी डेनियल द्वारा बताया गया कि हम सभी शिक्षक हैं सबसे पहले हमें समय का पाबंद होना चाहिए । प्राचार्य स्वीडिश मिशन सागर आरके सिंह द्वारा सभी शिक्षकों को स्काउटिंग प्रशिक्षण लेकर स्कूल में चलने की शुभकामनाएं दी । बिगनर्स कोर्स का संचालन गौरी शंकर शर्मा, ज्योति यादव (ट्रेनर), सागर के द्वारा किया गया, प्रशिक्षण में स्काउटिंग गाइडिंग के इतिहास नियम, प्रतिज्ञा, आदर्श वाक्य, सैल्यूट, बाया हाथ मिलाना, युवा वयस्क प्रगतिशील प्रशिक्षण, दल का संचालन एवं दल पंजीयन और युवा और व्यस्क अवार्ड के साथ-साथ एडवेंचर, ट्रैकिंग, हाइक एवं अन्य कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। जिला सचिव लीलाधर अहीरवाल, चंद्रभान लोधी डीओसी मंजू लता राय, लखन लाल अहीरवाल डी.ओ सी स्काउट, पवन अहीरवार लोकेश सेन, निधि नायक रजनी जैन द्वारा स्काउटिंग को विस्तृत रूप से जीवंत चित्रण किया गया। दमोह में वरिष्ठ ट्रेनर एल एस ठाकुर द्वारा बताया गया कि स्काउटिंग में कभी सेवानिवृत्त नहीं होते है। शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त होने के बाद भी इस संस्था से लगाव जुड़ाव हमेशा बना रहता है ताकि समाज की सेवा कर सके। स्काउटिंग में बच्चों के लिए अनेको रोमांचक कार्यक्रम जैसे हाइक व एडवेंचर, रॉक क्लाइंबिंग, ट्रैकिंग के माध्यम से देश-विदेश में घूमने का अवसर प्राप्त होता है ।

### गढाकोटा के सुभाष वार्ड का मामला, मौके पर पहुंची पुलिस

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, फिकी ईंट चले डंडे, एक पक्ष दो लोग एक महिला व पुरुष सागर रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा में मंगलवार की रात सड़क पर भैंसे बाँधने और गोबर डालने, वाहन खड़े होने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, यह विवाद इतना बढ़ा की लाठी, डंडे, ईंट, राड चलने लगे, जिसमे जिसमें एक पक्ष कि महिला-पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों को गढाकोटा में प्राथमिक उपचार के बाद सागर रेफर किया गया।थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने बताया कि रात में सुभाष वार्ड स्थित गणेश मंदिर के पास सूचना मिली कि झगड़ा हो गया जिसमें आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं हल्ले यादव, भरत यादव, पप्पू यादव और उनके साथी ने इनके घर के सामने रहने वाले हल्लू यादव और उनके परिजन रहते हैं उनके साथ मारपीट कर दी।

नगरपालिका सहित पुलिस प्रशासन ने सुबह कार्रवाई करते हुए यादव परिवारो को जो पशु पालन करते हैं अपने अपने पशुओं को बस्ती से बाहर रखने के निर्देश दिए।



यहां बता दें कि इन लोगों द्वारा मुख्य सड़क पर अपने पशुओं को बांधा जाता है एवं गोबर के ढेर लगा दिए जाते हैं । मुहल्ला सहित सभी आम नागरिक जो यहां से आते जाते हैं बो गंदगी का सामना करते हैं । साथ ही पूर्व में भी पशुओं के द्वारा की लोग दुर्घटना का शिकार हुए हैं । पशुओं के सड़कों पर खुले घूमने से कई लोगों को चोटे आई है वहीं गंदगी व पशुओं से परेशान लोगो ने यहां से निकलना बंद कर दिया है। आलम यह है इस सीसी रोड पर सिर्फ ओर सिर्फ गोबर गंदगी बनी रहती है । पशु पालकों को नगर पालिका गढाकोटा ने की बार नोटिस दिए पर इन लोगों पर नोटिस का कोई असर नहीं हुआ । इस मुहल्ले में गंदगी के कारण मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ गया है ओर लोग बीमार हो रहे हैं । साथ ही इसी मुहल्ले में जैन समाज के प्राचीन मंदिर है जहां जैन समाज के लोगों में महिला, पुरूष ओर बच्चे मंदिर आते हैं लेकिन अब गंदगी के कारण सभी ने रास्ते बदल लिया है ओर कुछ लोगों ने इस सड़क पर आना ही बंद कर दिया है।

## खुरई विधानसभा क्षेत्र के अस्पतालों में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रक्रिया प्रचलन में है: उपमुख्यमंत्री

### पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रश्न पर विधानसभा में उत्तर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



खुरई सिविल अस्पताल में माह जून,2025 में नेत्र रोग, अस्थिरोग, ईएनटी, शिशु रोग, मेडिसिन व रेडियोलॉजी योग्यता के पीजी बंधपत्र चिकित्सकों तथा 2 एमबीबी एस चिकित्सकों की पदस्थापना खुरई सिविल अस्पताल में की गई है। यह जानकारी खुरई विधानसभा क्षेत्र के खुरई तथा मालथौन विकास खंडों में चिकित्सकों व अस्पताल स्टाफ कर्मचारियों की नियुक्तियों के संबंध में पूर्व गृहमंत्रीभूपेन्द्र सिंह द्वारा विधानसभा के मानसून सत्र में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उपमुख्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने दी है। पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा पूछे गए विधान सभा प्रश्न में उपमुख्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि सिविल अस्पताल खुरई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालथौन सहित खुरई व मालथौन विकासखंडों में संचालित सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व उपस्वास्थ्य केंद्रों में स्वीकृत रिक्त पदों पर पूर्ति/पदस्थापना के विषय में जानकारी दी है कि लैब टेक्नीशियन एवं रेडियोग्राफर के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया प्रचलन में है। उन्होंने बताया कि पैरामेडिकल संवर्ग के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन आयोग को विभाग से पत्र प्रेषित किया गया है। नर्सिंग स्टाफ की भर्ती भी प्रक्रियानुसार की जा रही है।



## बरसते पानी में भी रुद्राभिषेक करने जुटी महिलाएं

**सागर।** आस्था अडिग हो तो विपरीत प्रकृति भी कुछ नहीं कर सकती धर्म में वैसे भी महिलाएं आगे देखी जाती है और श्रावण मास में शिव आराधना भी अडिग आस्था है बैंक कॉलोनी तिली रोड स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में प्रारंभ हुए पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन अभिषेक कार्यक्रम के द्वितीय दिवस बुधवार को सुबह से ही बारिश हो रही थी । फिर भी रुद्रीनिर्माण और पूजन अभिषेक करने बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुईं। पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 8बजे से 11बजे तक शिवलिंग निर्माण एवं 11.30बजे से 1.30बजे तक पूजन अभिषेक कार्यक्रम चल रहा है। बुधवार को रुद्रनिर्माण एवं पूजन अभिषेक में के सी व्यास, के बी खरे,रामशंकर राजपूत, केपी गांधी, बालमुकुंद दुबे,प्रदीप तिवारी, रमाकांत सोनी, आर के दीक्षित, राजेश गुप्ता, देवेंद्र पटेल, आभा नायक, सुधागर्ग, रजनी चौबे, सीमा शर्मा,अभिलाषा राजपूत, मनीषा गांधी, रेखा दुबे, बंदना अग्रवाल, रश्मि शर्मा, सुनीता यादव, सुहागरानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का किया निरीक्षण अनुपस्थित शिक्षकों के वेतन कटौती के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन द्वारा शासकीय का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसुरहाई, संकुल शासकीय हाईस्कूल बरोदा सागर, विकास खण्ड जैसीनगर का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासकीय उमावि भापेल, सीहोरा व पीएमश्री मसुरहाई का निरीक्षण किया गया। भापेल व सीहोरा में शिक्षक उपस्थित मिले व कक्षाएं सुचारू रहीं। मसुरहाई में प्राथमिक विभाग बंद मिला, माध्यमिक विभाग के 14 में से 10 शिक्षक अनुपस्थित थे, अतिथि शिक्षक भी अनुपस्थित मिले। प्राचार्य द्वारा संस्था पर नियंत्रण नहीं पाया गया, व्यवस्थाएं अव्यवस्थित थीं। अनुपस्थित शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटा गया व कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कुल दस शिक्षक अनुपस्थित पाए गए, जिनमें उच्चतर माध्यमिक शिक्षक मुकेश कुमार सैनी, महेश कुमार अहिरवार, गुड्डी खाटोल, रूबी पटैल, अनीता शर्मा, विनीत कुमार जैन, मीना कोरी, अविनाश मिश्रा, शबनम खान (प्राथमिक शिक्षक) शामिल हैं। इन सभी की गैरहाजिरी बिना पूर्व सूचना के पाई गई, जो कि शासकीय सेवा नियमों का उल्लंघन है।





जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त अनुपस्थित शिक्षकों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए का वेतन काटने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह करवाई नियमित जारी रहेंगी।



## प्रमाण पत्र शिविर के तीसरे दिवस 300 आवेदन दर्ज, प्रमाण पत्र शिविर जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशानुसार जिले में 5 दिवसीय जाति प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के तीसरे दिन तक 300 से अधिक आवेदन पोर्टल पर दर्ज किए जा चुके हैं, शिविरों के माध्यम से प्रमाण पत्र बनने से बच्चों और उनके अभिभावकों में उत्साह देखा जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में 28 जुलाई से 2 अगस्त तक विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें विद्यार्थियों के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र जैसे आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। यह शिविर उन छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी हैं जिन्हें शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्तियों एवं अन्य लाभों के लिए इन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। इस विशेष अभियान के तहत सभी तहसीलों में चयनित विद्यालयों में लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को इन शिविरों का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो नियमित रूप से निरीक्षण कर रहे हैं। शिविरों में प्राप्त आवेदनों को शीघ्रता से पंजीकृत कर, निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं आज जिले की सभी तहसीलों के विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शिविरों का आयोजन किया गया।

## सीबीएसई के समस्त विद्यालयों के प्रिंसिपलों की वार्षिक सहोदय बैठक संपन्न

**सागर।** सहोदय ग्रुप सागर की मीटिंग का आयोजन ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल द्वारा विद्यालय कैंपस में किया गया। सर्वप्रथम आयोजक विद्यालय की प्राचार्या लिज़ी लुईस द्वारा ग्रुप की अध्यक्षा सिस्टर मौली थॉमस, प्राचार्या संट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। मीटिंग के प्रारंभ में प्रार्थना सभा रखी गई। इसके बाद समस्त सदस्यों ने अपना परिचय दिया। ग्रुप की पिछली मीटिंग में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई। तत्पश्चात ग्रुप की ट्रेजरर मंजू कोहली द्वारा विगत वर्ष के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद वर्तमान सत्र 2025-26 के सहोदय कैलेंडर पर चर्चा की गई, जिसमें इंटर स्कूल कॉम्पिटीशन करवाने हेतु निर्णय लिए गए। सदस्यता शुल्क को लेकर भी चर्चा की गई एवं आगामी मीटिंग हेतु तिथि, समय एवं स्थान निर्धारित किया गया। इसके बाद सभी ने अल्पाहार ग्रहण किया। सभी सदस्यों ने मिलकर पर्यावरण की सुरक्षा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए ग्रेटमेन स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया। मीटिंग में मुख्य रूप से प्रेसिडेंट सिस्टर मौली थॉमस प्राचार्या सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सागर, वाइस प्रेसिडेंट एस. बी. सिंह प्राचार्य शैलेश मेमोरियल स्कूल सागर, ट्रेजरर मंजू कोहली प्राचार्या दून वर्ल्ड पब्लिक स्कूल सागर, लिज़ी लुईस प्राचार्या ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल सागर, जोबी प्राचार्या सेंट मेरी स्कूल सागर, आशमी जैन प्राचार्या महार रेजिमेंट स्कूल सागर, हेमंत खरे प्राचार्य कैंब्रिज हाइट्स स्कूल सागर, फादर बिजू प्राचार्य सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल बण्डा, जे. जोसेफ प्राचार्य दिल्ली पब्लिक स्कूल मकरोनिया, डॉली खरे प्राचार्या अवध प्रभा विद्यापीठ मालथौन, ए.के. मिश्रा प्राचार्य डी.ए.वी स्कूल बीना, प्राचार्य डी पी एस सागर, प्राचार्य ज्ञानोदय स्कूल खुरई उपस्थित रहे। प्राचार्या लिज़ी लुईस द्वारा सभी के लिए स्मृति चिन्ह एवं पौधे प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया।





### अंग्रेज़ी विभाग के सात छात्रों ने यूजीसी-नेट परीक्षा में प्राप्त की सफलता

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के अंग्रेज़ी विभाग के सात छात्रों ने यूजीसी-नेट जून 2025 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अंग्रेज़ी विभाग के छात्र पियूष कुमार टेंभरे और अंजलि सिंह ने असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए पात्रता प्राप्त की है, जबकि ऋतु यादव, कर्तिका गुप्ता, हनीन मेचेरी, वेदिका चौबे और विवेचना प्रजापति ने पीएचडी में प्रवेश हेतु नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता सहित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बी.आई. गुरु एवं समस्त शिक्षकों ने सभी छात्रों को इस उपलब्धि पर बधाईं दी ।



## भोपाल प्रवास के दौरान महापौर ने की विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से मुलाकात

**सागर।** मंगलवार को भोपाल प्रवास के दौरान महापौर संगीता सुशील तिवारी के नेतृत्व में एमआईसी सदस्यों, पार्टी पदाधिकारियों ने मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र तोमर से आत्मीय मुलाकात की। अध्यक्ष महोदय ने महापौर से नगर विकास के विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मैं वर्षों से सागर आता रहा हूं वाकई शहर ने अभूतपूर्व विकास किया है। शहर में रचनात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने स्वच्छता रैंकिंग में दसवां स्थान प्राप्त करने पर महापौर को बधाई दी और शीघ्र ही सागर प्रवास पर आने का आश्वासन भी दिया। अध्यक्ष से मुलाकात के अवसर पर महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, एम आई सी सदस्य शैलेंद्र ठाकुर, राजकुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष नवीन भट्ट, पार्षद प्रतिनिधि सोमेश जाड़िया, शेलू जैन, युवा नेता रिशांक तिवारी उपस्थित थे।

### सामाजिक समरसता में महिलओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

# समानता, समरसता और सम्मान: यही है नारी की पहचान: डॉ प्रतिभा तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश द्वारा "सामाजिक समरसता में महिलओं की भूमिका" विषय को दृष्टिगत करते हुए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन साथ किया गया। इसके उपरान्त अध्यक्षीय उद्बोधन में भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि शिक्षित महिलाएं बेटियों और बेटों में भेद नहीं करतीं। वे अगली पीढ़ी में समता और मानवता के बीज बोती हैं। आज महिलाएं सरपंच, शिक्षिका, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रशासनिक अधिकारी बनकर समाज में समरसता की मिसाल पेश कर रही हैं। महिलाएं पूजा-पाठ, धार्मिक आयोजनों, सामाजिक समारंभों में सभी वर्गों को साथ लेकर चलती हैं। जब हर महिला को शिक्षा, निर्णय और नेतृत्व में समान अवसर मिलेगा, तभी वह समरसता की असली वाहक बन सकेगी। सामाजिक समरसता कोई एक दिन में नहीं बनती, यह रोज की सोच और प्रयास से बनती है। और इस प्रयास में महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य है। जब एक महिला शिक्षित, समर्थ और जागरूक होती है, तो वह पूरे समाज को एकसूत्र में बाँधने का कार्य करती है। हमारा कर्तव्य है कि हम सब मिलकर महिलाओं को सशक्त बनाएं और सामाजिक समरसता को सशक्त करें। "जब नारी आगे आएगी, समाज में समरसता छा जाएगी।" महिलाओं को सिर्फ 'सम्मान' नहीं, समान अवसर दें। ताकि वे सामाजिक समरसता की असली मिसाल बन सकें। "समानता, समरसता और सम्मान - यही है नारी की पहचान।" जब एक नारी अपने घर से शुरू करके समाज तक समरसता का संदेश देती है तब समाज बँटता नहीं, जुड़ता है। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में आर्ट एण्ड कामर्स महाविद्यायल की प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने कहा कि जब एक माँ अपने बच्चों को समानता, सम्मान और सहिष्णुता सिखाती है, तब ही समाज में समरसता की नींव पड़ती है। महिलाएं घर-परिवार से लेकर समाज तक मूल्यों की वाहक होती हैं। वे जीवनभर त्याग, प्रेम और सौहार्द का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। नारी सिर्फ जननी नहीं, वह समाज की रचयिता भी है। उसकी जागरूकता ही समाज को जोड़ सकती है। अगर नारी को शिक्षा, सम्मान और नेतृत्व से वंचित रखा जाएगा, तो समरसता सिर्फ किताबों की बात बनकर रह जाएगी। यदि हम सच में एक समरस समाज चाहते हैं, तो हमें महिलाओं को सिर्फ सम्मान नहीं, बल्कि समान अवसर, नेतृत्व, और आवाज भी देनी होगी। इस अवसर पर श्रीमती शर्मिष्ठा दत्त ने गीत प्रस्तुत किया एवं भाजापा की जिला अध्यक्ष संध्या भार्गव, सुष्मिता ठाकुर, शालिनी तिवारी, प्रीति शर्मा, एडवोकेट-सुश्री दीपा तिवारी ने भी अपने भाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कार्यक्रम का आभार ज्ञापन शैल बाला बैरागी द्वारा किया गया। इस अवसर पर ज्योति गौतम, सुमन तिवारी, जाह्नवी एवं छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।





## नशे से दूरी है जरूरी जन-जागृति अभियान कार्यक्रम का खेल परिसर में हुआ आयोजन

**सागर।** पुलिस विभाग द्वारा स्वास्थ्य एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु 15 से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी, नशा जन-जागृति अभियान संपूर्ण मध्यप्रदेश में चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत दिन-प्रतिदिन पुलिस विभाग एवं अन्य विभागों के सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे है। इसी तारतम्य में संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल से प्राप्त निर्देषानुसार युवाओं को खेल कूद और रचनात्मक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए तथा नषे से दूर रखने के लिए 26 जुलाई से 28 जुलाई तक खेल परिसर में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं खिलाड़ियों को उनके खेल मैदानों पर नषे से दूरी है जरूरी की शपथ दिलाई गयी। उक्त कार्यक्रम का समापन खेल परिसर स्थित बैडमिंटन हॉल में नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, यू.पी.एस. भदौरिया जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सागर डी.एस. यादव संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग सागर अतिथि के रूप में उपस्थित हुऐ।


## यादवेन्द्र सिंह के प्रयासों से बंधी राहत की उम्मीद, दो याचिकायें हो चुकी स्वीकृत

# प्राचीन पुल व अतिवर्षा से पीड़ित किसानों को लेकर विधानसभा में गरजे विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुरानी टेहरी स्थित ऐतिहासिक व प्राचीन पुल के रखरखाव व जीर्णोद्धार के साथ साथ अतिवृष्टि से पीड़ति किसानों का मुद्दा क्षेत्रीय विधायक यादवेंद्र सिंह के द्वारा विधानसभा में गरजते हुए जोरशोर से उठाया गया। साथ ही उक्त दोनों मुद्दों पर कार्यवाही व राहत देने की मांग की गई। इसके पूर्व विधानसभा में विधायक यादवेन्द्र सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र से संबंधित दो याचिकाये लगाई गई थी। उक्त दोनों याचिकाओ के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया है कि दोनों याचिकाओं को स्वीकृत कर लिया गया है।





मध्यप्रदेश विधान सभा

जुलाई-अगस्त, 2025 सत्र
दैनिक कार्य सूची
मंगलवार, दिनांक 29 जुलाई, 2025 (श्रावण 7, 1947)
समय 11.00 बजे दिन

8. याचिकाओं की प्रस्तुति

श्री यादवेन्द्र सिंह, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के -
(क) ग्राम अस्तौन में सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान का निर्माण कराये जाने,
(ख) टीकमगढ़ जिला मुख्यालय पर हवाई पट्टी का निर्माण कार्य कराये जाने,

### सर्वसुविधायुक्त ग्राउंड व हवाईपट्टी की याचिका स्वीकृत

विधानसभा टीकमगढ़ क्षेत्र के मुद्दों को लगातार विधानसभा में उठाते हुए विधायक यादवेन्द्र सिंह के द्वारा खेल जगत में प्रयास करते हुए खेलप्रेमी युवाओं के लिए ग्राम अस्तौन में सर्वसुविधा युक्त खेल ग्राउंड बनवाने के लिए और जिले के लोगों को हवाई सेवा उपलब्ध कराने के लिए जिले में हवाई पट्टी बनाये जाने के लिए विधानसभा में याचिका लगाई गई थी। इन दोनों याचिकाओं को विधानसभा में स्वीकृत कर लिया गया है। जिससे अब क्षेत्र की जनता व खेल प्रेमियों को उक्त दोनों मामलो में शीघ्र लाभ मिलने की उम्मीद बंध गई है।

### किसानों, धाराशाई मकानों व बिजली गिरने से पीड़ित लोगों की उठाई आवाज

जिला और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश के चलते किसानों की फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। अत्यधिक बारिश के कारण खेतों में जलभराव हो गया है। इससे कई किसान भाई अपने खेतो में खरीफ फसलों की बोनी नहीं कर पाए हैं। और जिन किसानों ने पहले ही बोनी कर दी थी, उनकी फसलें नष्ट हो गई हैं। इसके अलावा, बारिश के कारण कई कच्चे मकान भी गिर गए हैं। बिजली गिरने से कई लोगों की मौत हो गई है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाया है। बिधायक यादवेन्द्र सिंह ने शून्यकाल के दौरान कहा कि टीकमगढ़ जिले में अतिवर्षा से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। उन्होंने शीघ्र अतिशीघ्र सर्वे करवाकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा और बीमा राशि दिलाने की मांग की है।

### ऐतिहासिक बड़े पुल रूपी समस्या को मुद्दा बनाकर उठाया विधायक ने

पुरानी टेहरी स्थित ऐतिहासिक बड़े पुल के क्षतिग्रस्त होने व इससे परेशान हो रहे क्षेत्र के लोगो की समस्या को महत्वपूर्ण मुद्दा मानते हुए टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने बिधानसभा में उठाया है। उन्होंने पपौरा चौराहे से पुरानी टेहरी रोड पर स्थित राजशाही दौर के प्राचीन पुल के गिरने का मामला सामने रखा। उन्होंने बिधानसभा में बताया कि बारिश के कारण पुल के बगल में बनी दीवार धराशाई हो गई है। स्थानीय निवासी लंबे समय से इस पुल का नवीनीकरण या जीर्णोद्धार करवाने की मांग कर रहे हैं। विधायक यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि लोगो द्वारा लगातार की जा रही मांग व आवेदन देने के बाबजूद जिला प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने विधानसभा में यह मुद्दा उठाकर प्राचीन पुल के रखरखाव की मांग की है। विधायक यादवेन्द्र सिंह द्वारा विधानसभा में उठाये गए उक्त मुद्दों को लेकर प्रभावित किसानों और स्थानीय लोगों को अब विधायकों के इस प्रयास से राहत मिलने की उम्मीद है।

---

## कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ बैठक में की चर्चा

# नगरीय क्षेत्र के विकासकार्यों को शीघ्र कराया जाए पूर्णः कलेक्टर






हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नगर परिषद खरगापुर में विकास संबंधी कार्यों को लेकर खरगापुर विधानसभा के पूर्व विधायक राहुल लोधी, जनप्रतिनिधियों, नगर के गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की तथा जनप्रतिनिधियों से प्राप्त नगर विकास के महत्त्वपूर्ण मुद्दों का चिन्हाकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चर्चा के दौरान बैठक में जनप्रतिनिधियों से नगर विकास से संबंधित सुझाव मांगे गए। जिसमें जनप्रतिनिधियों ने खरगापुर नगर के बिभिन्न मुद्दों पर कलेक्टर श्रोत्रिय का ध्यान आकर्षित किया। जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त सुझावों और शिकायतों के सम्बंध में कलेक्टर श्रोत्रिय ने अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि नल जल योजना के तहत खोदे गए गए गड्ढों का निरीक्षण के बाद 7 दिवस में भराया जाये। साथ ही स्टेडियम की भूमि का अवलोकन कर 7 दिवस में आवंटन संबंधी कार्य पूर्ण किया जाए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने निर्देशित किया कि राजस्व संबंधी विषयों जैसे अविवादित नामांकन एवं बंटवारे संबंधी प्रकरणों को 15 दिवस में निराकृत किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के विकास योजना संबंधी कार्यों पर पूर्व विधायक राहुल सिंह एवं जनप्रतिनिधियों से उनके सुझाव लिए गए एवं विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें देवपुर रोड पर स्थित गौचर भूमि पर अतिक्रमण, क्षेत्र में स्थित बड़े नाले को राजस्व अभिलेख में दर्ज कराया जाना , स्टेडियम का निर्माण प्रारंभ करना , पुराने बस स्टैंड पर सुलभ कॉम्प्लेक्स का निर्माण करना, बसों का बस स्टैंड पर ना खड़ा होना , बस्ती क्षेत्र में प्रवेश मार्ग पर दोनों तरफ ठेले एवं अतिक्रमण होना , नल जल योजना में एमपीयूडीसी द्वारा गड्ढे खोदकर पुर्नभरण ना करना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की व्यवस्था करना, मंडी का स्थानान्तरण करना एवं मंदिर के विकास संबंधी आदि विषयों पर चर्चा की गई।

---

प्रति सेकंड छोड़ा जा रहा 6 सौ घनमीटर पानी, नदी का बढ़ेगा जलस्तर

# धसान नदी फिर उफान पर बांध सुजारा के खुले दस गेट





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में लगातार भारी बारिश के कारण धसान नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिसके कारण बान सुजारा बांध के 10 गेट खोले गए हैं। बांध के ऊपर और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण धसान नदी में पानी की आवक बढ़ गई है। बांध के 6 गेट पहले से खुले थे लेकिन अब 4 गेट और खोले गए हैं ताकि पानी को सुरक्षित रूप से छोड़ा जा सके और बांध को खतरनाक स्तर तक भरने से रोका जा सके। इस दौरान निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और नदी के किनारे न जाने की सलाह दी गई है, क्योंकि जलस्तर बढ़ने की संभावना है। प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

जिले के ऊपरी हिस्सो में भारी बारिश के कारण धसान नदी का जलस्तर बढ़ गया है। अधिक मात्रा में पानी आने से बान सुजारा बांध लबालब भर गया है। बुधवार को सुबह 7 बजे बांध के 10 गेट खोलकर 600 घन मीटर प्रति सेकंड पानी छोड़ा जा रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान जिले में 0.5 इंच औसत बारिश रिकॉर्ड की गई। सबसे अधिक बारिश मोहनगढ़ तहसील में 60 मिलीमीटर लगभग ढाई इंच दर्ज की गई। पलेरा में 1 इंच बारिश हुई है। जिले में अब तक कुल 42.7 इंच औसत बारिश हो चुकी है। पिछले वर्ष 30 जुलाई तक केवल 18.3 इंच बारिश हुई थी। इस प्रकार इस वर्ष 24.4 इंच अधिक बारिश हुई है। टीकमगढ़ का औसत बारिश का आंकड़ा 40 इंच है। जिले की 8 तहसीलों में से 5 में औसत से अधिक बारिश हो चुकी है। भू अभिलेख कार्यालय के अनुसार टीकमगढ़ तहसील में 52.5 इंच, बड़ागांव धसान में 29 इंच, बल्देवगढ़ में 41 इंच, खरगापुर में 42 इंच, जतारा में 36 इंच, मोहनगढ़ में 50 इंच, लिधौरा में 37.5 इंच और पलेरा तहसील में सबसे अधिक 59.28 इंच बारिश हुई है। बान सुजारा बांध परियोजना अधिकारी ने बताया कि बांध की सुरक्षा को देखते हुए पहले से खुले 6 गेटों के अतिरिक्त 4 गेट और खोले गए हैं। प्रत्येक गेट को 0.50 मीटर तक खोला गया है। इससे धसान नदी में लगभग 9 से 11 फुट जलस्तर बढ़ने की संभावना है। अच्छी बारिश के कारण जिले भर के तालाब और कुएं पानी से लबालब भर गए हैं। जिले में 30 जुलाई तक सबसे अधिक 59.28 इंच बारिश पलेरा तहसील क्षेत्र में हुई है। जबकि सबसे कम बड़ागांव धसान में 29 इंच बारिश ही हुई है।

---



# एसपी ने नशा विरोधी रैली को दिखाई हरी झंडी

**टीकमगढ़।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 15 से 30 जुलाई तक प्रदेशव्यापी स्तर पर चलाए गए विशेष जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी के अंतर्गत जिले में भी उल्लेखनीय सक्रियता देखने को मिली। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों ने व्यापक स्तर पर जनसंपर्क कर अभियान को प्रभावी बनाया। अभियान के अंतर्गत पुलिस अधिकारियों द्वारा शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों एवं सामुदायिक क्षेत्रों में पहुंचकर विद्यार्थियों, युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। आमजन को नशा न करने एवं जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने की शपथ दिलाई गई। अभियान में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों, संवाद कार्यक्रमों व रैलियों का आयोजन कर जनचेतना को बल प्रदान किया गया। उक्त अभियान के समापन अवसर पर दिनांक 30 जुलाई को नशे से दूरी है जरूरी अभियान की समापन रैली का आयोजन पुलिस लाइन परिसर से किया गया, जिसे पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों से गुजरती हुई नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाती रही। इस प्रेरणादायी अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, ट्रैफिक प्रभारी कैलाश पटेल, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक उपेंद्र छारी, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चंद्रजीत यादव, सूबेदार उत्तम सिंह एवं कोतवाली आदि रहे मौजूद।

**15 से 30 जुलाई तक प्रदेशव्यापी स्तर पर चलाया गया विशेष जागरूकता अभियान**

---

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

# खेलकूद व सकारात्मक दिशा में युवाओं को प्रेरित करने में अभियान प्रभावीः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



खेलकूद को प्रोत्साहन देने तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने के लिए युवा जोड़ो अभियान प्रभावी होता जा रहा है। उक्त बात पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा 29 जुलाई को पुलिस लाइन परिसर में खेल विभाग के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन अनुसार पुरुष्कृत करने के दौरान कही गई। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान करने के दौरान जागरूक करते हुए कहा गया कि जिला पुलिस द्वारा युवा जोड़ो अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके माध्यम से जिले के युवाओं को खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा उपस्थित समस्त खिलाड़ियों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई एवं नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें नशामुक्त समाज की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में खेल प्रशिक्षकों द्वारा किया गया। जिसमें विभिन्न एथलेटिक, इंडोर एवं आउटडोर खेलों का समावेश रहा। खिलाड़ियों द्वारा अनुशासन एवं समर्पण के साथ भागीदारी करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। एसपी मंडलोई ने कहा कि यह आयोजन जिले में खेलकूद को प्रोत्साहन देने तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने की दृष्टि से अत्यंत सराहनीय एवं प्रभावी सिद्ध हुआ। उक्त अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, थाना प्रभारी ट्रैफिक कैलाश पटेल, सूबेदार उत्तम सिंह, खेल विभाग से प्रियंक खरे, धनीराम अहिरवार, अनूप मंडल, देवेश चंदेल, कृतिका चंद्रा, पी प्रसन्ना कुमार, निधी विदुआ, शिवा दीक्षित आदि रहे मौजूद।

---



### भोपाल से जिला प्रवास पर आये सदस्यों ने मांगा बाल संरक्षण प्रतिवेदन

**टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य औंकार सिंह तथा डॉ. निवेदिता मिश्रा जिले के प्रवास के दौरान बाल संरक्षण आयोग की लंबित शिकायतों के प्रतिवेदन एवं निराकरण के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में शामिल हुईं। बैठक में आयोग के दोनों सदस्यों द्वारा जिले में बाल संरक्षण आयोग की लंबित शिकायतों के निराकरण के संबंध में प्रतिवेदन मांगा गया। साथ ही जिले में स्कूल से ड्रॉपआउट, बाल भिक्षावृत्ति, सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान, स्वास्थ्य विभाग किये जा रहे हेल्थ चेकअप सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर कलेकटर पीएस चौहान, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ऊदल सिंह ठाकुर सहित पुलिस विभाग, श्रम, स्वास्थ्य विभाग, बाल कल्याण समिति से अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य, स्कूल शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## एक तहसीलदार ने किया विक्रय से प्रतिबंधित तो दूसरे ने कर दिया नामांतरण

# बल्देवगढ़ के राजस्व विभाग पर पुनः लगा जमीनी हेराफेरी का दाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के बल्देवगढ़ राजस्व विभाग में बाबू स्तर पर सक्षम अधिकारी की सहमति के बिना वृहद स्तर पर फर्जी पट्टे बनाये जाने का मामला जबरदस्त तरीके से जिले में छाया रहा था। इस मामले में राजस्व बिभाग के 4 बाबुओ पर कार्यवाही भी की गई थी। लेकिन इस मामले को अभी कुछ माह ही बीते हैं कि अब जमीन संबंधी एक और मामले में राजस्व बिभाग पर दाग़ लग गया है। जिसमें बिक्रय से प्रतिबंधित पट्टे की जमीन को बेचकर उसका नामांतरण भी कर दिया गया। हैरत की बात तो ये है कि उक्त मामले में एक तहसीलदार ने उक्त जमीन के खसरा नंबर को सरकारी कम्प्यूटर में बिक्रय से प्रतिबंधित किया लेकिन इसके बाबजूद दूसरे तहसीलदार ने उक्त जमीन का नामांतरण कर दिया। फिर क्षेत्रीय लोगो के बिरोध के बाद मामला तूल पकड़ने पर अपर कलेक्टर द्वारा उक्त जमीन की रजिस्ट्री को शून्य किया गया।

### स्कूली छात्रों, आंगनबाड़ी व ग्रामीणों से छीना गया था उनका आवागमन का रास्ता

उक्त मामला जिले के बल्देवगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम सुजानपुरा के जवाहरपुरा मुहल्ले का है, जहाँ पर स्थित पट्टे की भूमि खसरा नम्बर 901, 902, 903, 904, 904/अ सरकारी रिकार्ड में गंगू पिता सुनुआ अहिरवार के नाम दर्ज है और धारा 165 (7ख) के तहत विक्री से प्रतिबंधित रूप में दर्ज है। इस भूमि का सार्वजनिक उपयोग गांव के लोगो द्वारा एकमात्र रास्ते के रूप में आवागमन के लिए किया जाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि स्कूल जाने के लिए छात्र, आंगनबाड़ी और शासकीय कुआं तक जाने का एकमात्र रास्ता भी इसी जमीन से होकर जाता है। लेकिन इस प्रतिबंधित पट्टे की जमीन को कलेक्टर की अनुमति के बिना सांठगाँठ करके गुपचुप तरीके से बेच दिया गया और इस जमीन को रामप्रसाद यादव निवासी सुजानपुरा ने अबैध रूप से खरीदा। उक्त जमीन खरीदकर रामप्रसाद ने जमीन से ग्रामीणों व छात्रों का आनाजाना बंद कर दिया। जिससे न तो बच्चे स्कूल जा पा रहे थे और न ही आंगनबाड़ी व सरकारी कुंए तक जाने का रास्ता लोगो को मिल पा रहा था। तब अजय सिंह परिहार व अन्य ग्रामीणों ने अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान से उक्त संबंध में शिकायत की और कार्यवाही की मांग की।



### मामला संज्ञान में आने पर अपर कलेक्टर ने जमीन की रजिस्ट्री को किया शून्य

उक्त जमीन की अबैध बिक्री का मामला संज्ञान में आने पर अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान ने आदेश करते हुए जमीन की रजिस्ट्री को शून्य करने की कार्यवाही की और जमीन को पुनः गंगू पिता सुनुआ अहिरवार के नाम पर करते हुए विक्रय से प्रतिबंधित कर दिया। अब ग्रामीणों द्वारा उक्त मामले में दोषी अधिकारियो पर कार्यवाही किये जाने की मांग कर रहे हैं। जिससे बल्देवगढ़ में राजस्व संबंधी मामलो में अबैध तरीके से किये जा रहे नामांतरण सहित अन्य अबैध क्रियाकलापो पर अंकुश लग सके।



### एक ही नियम को लेकर दो अधिकारियों की अलग-अलग मंशा क्यों

उक्त मामले में ग्रामीणों ने बताया कि गंगू पिता सुनुआ अहिरवार के नाम पर दर्ज उक्त पट्टे की जमीन को वर्ष 2019 में भी अबैध रूप से बेचने का प्रयास किया गया था लेकिन तब ग्रामीणों द्वारा बिरोध दर्ज कराते हुए तत्कालीन बल्देवगढ़ तहसीलदार कमलेश कुशवाहा के समक्ष मामला उठाया गया था। तब तत्कालीन तहसीलदार कुशवाहा के द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए कम्प्यूटर राजस्व रिकॉर्ड में उक्त जमीन को विक्रय से प्रतिबंधित रूप में दर्ज कर दिया गया था और नामांतरण को खारिज किया गया था। लेकिन इसके बाबजूद बल्देवगढ़ तहसीलदार रूप में पदस्थ हुए दूसरे तहसीलदार ने इस मामले में प्रकरण क्रमांक 803/अ-6/2021-2022 के तहत अबैध रूप से जमीन का नामांतरण कर दिया। अब सवाल ये है कि पट्टे की जमीन को लेकर बने शासन के नियमों को लेकर समकक्ष दो अधिकारी अलग अलग मंशा कैसे रख सकते हैं। अब इस मामले में ग्रामीणों द्वारा कार्यवाही की मांग की जा रही है।

### रजिस्ट्री शून्य होने के बाद प्रशासन ने मौके पर पहुंच हटवाया कब्जा

जब ग्रामीणजनो ने अपर कलेक्टर चौहान के द्वारा उक्त जमीन की रजिस्ट्री को शून्य करवाया। और प्रशासन से उक्त रास्ते पर किये गए कब्जे को हटवाकर आवागमन शुरू कराने की मांग की तब बल्देवगढ़ तहसील के अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जमीन से कब्जा हटवाकर रास्ते को खोला गया। जिसके बाद पीड़ति ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### सीप कदवाल नदियों ने शहर में, चंबल, पार्वती, कूनो ने गांवों में तो बड़ौदा में नालों ने ढाया कहर

# घरों में घुसा पानी, दहशत में कटी शहरवासियों की रात, चार साल पहले की त्रासदी याद कर बुरी तरह घबराया जनमानस









हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मंगलवार एवं बुधवार की रात शहर वासियों ने डर और दहशत के बीच जागकर रात गुजारी। सीप ओर कदवाल नदियां आधी रात को अपनी सीमा से बाहर निकल कर बस्तियों में घुस गई जिससे निचली बस्तियों के लोगों को ऊंचाई वाले स्थानों पर पहुंचाने का काम जिला प्रशासन रात भर करता रहा, खासकर कलेक्टर अर्पित वर्मा जलभराव वाले स्थानों का पूरी रात निरीक्षण करते देखे गए। उधर पार्वती, चंबल और कूनो जैसी बड़ी नदियों में भी उफान आने से नदी में दर्जनों गांव के लोगों को भी दूसरी जगह शिफ्ट कराया गया। मंगलवार की रात जिला प्रशासन लोगों को निचली बस्तियां खाली करा कर ऊंचाई वाले स्थान पर पहुंचाया गया वही बाढ़ में फंस चुके तीन सैकड़ा से अधिक लोगों को रेस्क्यू कर रहा शिविरों में पहुंचने का काम भी सफलतापूर्वक किया गया।

वैसे तो शनिवार को दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही जिससे सीप नदी का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ता रहा लेकिन शाम होते होते सीप बंजारा डैम पर बने नए पुल के लेवर हो गई। जो खतरे के निशान से ऊपर मानी जाती है। सीप धीरे-धीरे अपनी सीमा से निकलकर निचली बस्ती कंडेल बाजार वार्ड क्रमांक 23 में मालियों की बस्ती गुलाब बाड़ी, आदिवासी की बस्ती वार्ड क्रमांक 17, रेगर मोहल्ला वार्ड क्रमांक 20 में पहुंचना शुरू हो गई उधर कदवाल नदी किला रोड से होते हुए वार्ड क्रमांक दो हरिजन बस्ती में पहुंच गई रात 10:00 बजे तक पानी नदी के बाहर निचली बस्ती में आना शुरू हुआ जो धीरे-धीरे बढ़ता चला गया आधी रात गुजारने के बाद कदबाल किला गेट पर करीब 8 फीट ऊपर तक पानी पहुंच गया वहीं वार्ड क्रमांक 23 में चतरदास का टीला के सामने रहने वाले मोहम्मद चीनी कुरैशी के मकान में पानी घुस गया मोहम्मद चीनी कुरैशी का परिवार सहित आसपास रहने वाले लोगों ने अपने मकान खाली कर ऊपरी स्थान पर शरण ली, कमोवेश यही हाल अन्य बस्तियों का भी रहा। उधर एक ही पखवाड़े में बड़ौदा पांचवी बार टापू बना। बाढ़ राहत दल ने बचाव कार्य किए इसी तर्ज पर विजयपुर में क्वारी नदी के कारण उफान पर आ जाने से निचली बस्तियों में फंस गए लोगों को प्रशासन ने रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

### नालों ने बरपाया कहर पांचवीं बार टापू बना बड़ौदा

उधर बड़ौदा में लगातार दूसरे दिन भी हालत बुरी तरह बिगड़े नजर आए। ज्ञात हो कि रविवार सोमवार की रात झमाझम बारिश होने से बड़ौदा टापू बन गया था मंगलवार और बुधवार की रात हुई बारिश से नालों में जंगल से सिमटकर आए पानी से हालात बिगड गए। जिसकारण बडौदा नगर पूरी तरह जलमग्न हो गया,यहां प्रशासन को थाने के सामने से जेसीबी के माध्यम से रोड खोदकर बस्तियों में भरा पानी निकालना पड़ा वहीं बाढ़ राहत दल ने मोटर बोट और दूसरे संसाधनों के माध्यम से घरों में फंसे लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

### मंदिर मस्जिद और धर्मशाला में ठहरे लोग

शहर श्योपुर की निचली बस्तियों में पानी आ जाने के कारण उन्हें ऊपरी स्थान पर पहुंचाने की कवायद प्रशासन ने मंगलवार की शाम से ही शुरू कर दी थी इसके लिए मोबाइल नंबर भी जारी किए गए थे साथ ही बस्तियों में पहुंचकर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कई बार लोगों से अपील की कि वह ऊंचाई वाले स्थान पर पहुंच जाए इसके लिए प्रशासन ने जयस्तंभ पर स्थित श्री राम धर्मशाला एवं ईदगाह रोड पर नगर पालिका मैरिज गार्डन के दरवाजे बाढ़ पीड़ितों के लिए खोल दिए थे। हालांकि इन स्थानों पर भी लोग रात गुजरने पहुंचे लेकिन धार्मिक स्थलों पर भी लोगों ने शरण ली। वार्ड क्रमांक 2 का कसाई मोहल्ला और अब्बासी बस्ती के लोग आधी रात को मकान खाली कर मस्जिद हम्मालान में शरण ली वही गुलाब बाड़ी क्षेत्र के लोगों ने किला रोड स्थित गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज के मंदिर में रात गुजारी, इसी तरह कर्बला रोड चतरदास जी का टीला के सामने रहने वाले लोग अपने घरों में ताले डालकर बड़ा इमामबाड़ा मस्जिद में रहने पहुंचे।

### रात भर निरीक्षण करते रहे कलेक्टर

बाढ़ की भयावता के बीच घिरे और डरे शहर में लोगों के लिए राहत की खबर यह रही कि कलेक्टर अर्पित वर्मा सारी रात निरीक्षण करते रहे और लोगों से मिलकर जानकारी साझा करते रहे इससे लोगों का आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हुई। इस दौरान उन्होंने नगरपालिका श्योपुर में कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया श्री राम धर्मशाला में बनाए गए राहत कैंप को देखा और बंजारा डैम, किला रोड, चतरदासजी का टीला आदि स्थानों पर पहुंचकर कलेक्टर ने जानकारी ली यह जानकारी सोशल मीडिया पर भी डाली गई जिससे लोगों के भीतर आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हुई उनमें विश्वास जागृत हुआ साथ ही 4 साल पहले हुई घटना को भी लोगों ने खूब याद किया। ज्ञात हो के 4 साल पहले आई बाढ़ के बाद तत्कालीन कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव के साथ लोगों ने इसलिए झूमा झटकी कर दी थी कि वह बीते तीन-चार दिनों से बंगले से बाहर ही नहीं निकले थे उनके मोबाइल भी बंद थे।

### तीन सैकड़ा को रेस्क्यू कर बचाया प्रशासन ने



संपूर्ण जिले में तीन सैकड़ा से अधिक लोगों को जलभराव वाले क्षेत्रों से रेस्क्यू कर राहत शिविर में लाया गया है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में अनुविभागीय अधिकारियों, जनपद सीईओ, तहसीलदार सहित राहत अमला तैनात रहा। जिला मुख्यालय की बात करें तो एसडीएम बीएस श्रीवास्तव और तहसीलदार मनीषा मिश्रा पूरी रात नगर पालिका में कंट्रोल रूम पर कर्मचारियों के साथ तैनात रहे और सूचना मिलने पर तत्काल लोगों को मदद पहुंचाई वही कलेक्टर ने अपने साथ जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग डीपीसी डॉ पीएस गोयल बीआरसी हरिशंकर बाथम सहित एपीसी, बीएसी भी रात भर राहत व्यवस्था बनाने में मदद करते रहे। उधर मानपुर के सरकारी अस्पताल में पानी भर जाने से उसमें फंसे 12 मरीजों को एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू करके उन्हें सकुशल बाहर निकाला।

### जेसीबी में बैठकर बड़ौदा के बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे कलेक्टर

बाढ़ के प्रकोप से बुरी तरह हलाकान हो चुके बड़ौदा वासियों से मिलने और बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए बुधवार की अल सुबह कलेक्टर अर्पित वर्मा बड़ौदा पहुंचे लेकिन उनका वाहन बड़ौदा में थाने के सामने जल भराव को खत्म करने के उद्देश्य से काटी गई सड़क के कारण पार नहीं हो पा रहा था और पानी भी इतना अधिक था कि गाड़ी चल नहीं सकती थी। ऐसी स्थिति में कलेक्टर जेसीबी में बैठकर बड़ौदा के भीतर उन स्थानों पर पहुंचे जहां अधिक जल भराव हुआ था इस दौरान उन्होंने लोगों से चर्चा की। लोगों ने उन्हें बताया कि यह जल भराव जंगल से आने वाली नदी का पानी नहर के पास नाले से होकर बड़ौदा में प्रवेश होने और आवदा बांध की कच्ची पाल से पानी ओवरफ्लो हो जाने के कारण आता है अगर इस पानी को बड़ौदा के बाहर से ही डायवर्ट कर दिया जाए तो ऐसी स्थिति से दो-चार होना नहीं पड़ेगा। इसकी मांग लंबे समय से बड़ौदा वासी करते आ रहे हैं। कलेक्टर ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वह इस नगर के बाहर से ही पानी डिवाइड करने वाला प्रस्ताव बनवाकर शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजेंगे। इस दौरान कलेक्टर के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जाट भी मौजूद थे।

### सही समय पर लिया तहसीलदार ने सूझबूझ वाला फैसला बचाया पूरा गांव

सेसईपुरा के पास रेशम कॉलोनी तहसीलदार की सूझबूझ की वजह से बच गई। दरअसल कूनो नदी में अधिक पानी आ जाने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची तहसीलदार रोशनी शेख ने देखा कि कूनो नदी पुल से ऊपर से झलक रही है और रेशम कॉलोनी के भीतर जल भराव की स्थिति निर्मित होना तय है। तहसीलदार रोशनी शेख ने एसडीएम मनोज गढ़वाल को स्थिति से अवगत कराया तो एसडीएम ने तत्काल बस्ती खाली कराने के निर्देश दिए एसडीएम के निर्देश के बाद तहसीलदार ने वाहन मंगवाकर सभी ग्रामीणों को उसमें बैठाकर सुरक्षित दूसरे स्थान पर भिजवाया और बाद में उक्त गांव में कूनो नदी का पानी भी घुस गया। लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन यहां थोड़ी सी देरी कर देता तो भारी नुकसान होना संभव था।

## राजस्थान से कटा श्योपुर, डूबा पार्वती नदी का नया पुल, चंबल के पाली पुल से रोकी वाहनों की आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।




पार्वती नदी जहां खतरे के निशान से 20 फीट ऊपर बह रही है। वहीं चंबल नदी भी खतरे के निशान की ओर बढ रही है। जिससे इन दोनो नदियों के किनारें पर बसे मध्यप्रदेश और राजस्थान के गांवों के ग्रामीणों की धडकने बढ गई है। क्योंकि प्रशासन ने इन गांवों के ग्रामीणों को खाली करा दिया गया है। पार्वती नदी के उफान पर आने से जहां कुहांजापुर के पास पुल डूबा गया है। वहीं खातौली के पास बना नया पुल भी पहले बारिश के सीजन में भी डूब गया है। नए पुल के ऊपर करीब 7 फीट पानी पहुंच गया है। जिससे श्योपुर को राजस्थान से कोटा और बारां से जोडने वाले दोनो मार्ग बंद हो गए है। वहीं श्योपुर को राजस्थान के सवाईमाधोपुर से जोडने वाला नेशनल हाइवे भी अवरूद्ध हो गया है। क्योकि राजस्थान सीमा में बोदल के पास एक पुलिया टूट कर पानी में बह गई है। इसके साथही चंबल नदी पर बने पाली पुल से भी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। दरअसल चंबल नदी पुल में दरार आने की बाते सोशल मीडिया पर कही जा रही है। इस पर गंभीरता दिखाते हुए नेशनल हाइवे के अधिकारियों ने पाली पुल पर पहुंचकर उसका निरीक्षण किया और पुल के क्षतिग्रस्त होने जैसी बातों को अफवाह बताते हुए कहा कि पुल को फिलहाल कोई खरात नहीं है, सिर्फ पुल की एप्रोच स्लैब थोडी क्षतिग्रस्त हुई है। जिसकी मरम्मत कराई जाएगी। मरम्मत करने के लिए चंबल पुल से आवागमन फिलहाल रोक दिया गया है। पुल के दोनों पर पुलिस तैनात हो गई है। नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने कहा है कि पुल की मरम्मत के बाद इसे फिर से खोला जायेगा।

**चंबल और पार्वती का जल स्तर**

| नदी | जल स्तर | खतरा निशान |
|---|---|---|
| पार्वती | 204.700 मी | 198 मी |
| चंबल | 197.46 मी | 199.50 मी |

## नदी में बहकर आई लकड़ियों को निकालने पर विवाद, पांच घायल

**मानपुर थाना क्षेत्र में मेवाडा कछार गांव का मामला, क्रॉस एफआईआर दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



मानपुर थाना क्षेत्र के गांव मेवाडा कछार में बुधवार की सुबह दो परिवार के लोगों के बीच विवाद हो गया। विवाद सीप नदी में बहकर आई लकडियों को निकालने की बात को लेकर हुआ। विवाद में दोनो तरफ से पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। मानपुर थाना पुलिस ने बताया कि विवाद के दौरान दोनो तरफ से लाठी,डंडे और कुल्हाडी चली है। विवाद में एक तरफ से फजर खान जख्मी हुआ है। वहीं दूसरी तरफ से इजराइल, इशरायल, इसाक तथा इजराइल की मां मोटी बाई घायल हो गए। इस मामले में फजर पुत्र जहुर मुसलमान की रिपोर्ट पर इसाक, इसराइल, इजराइल, इदरीश, रहमत के खिलाफ तथा इजराइल की रिपोर्ट पर फजर खान, शाहरूख खान, नासिर, फारूक के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

## भाकिसं के प्रशिक्षण वर्ग में रचनात्मक, संगठनात्मक और आंदोलनात्मक कार्य करने की बनी रूपरेखा



श्योपुर। भारतीय किसान संघ की उप तहसील ईकाई प्रेमसर का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग ग्राम ढोटी स्थित माताजी मंदिर पर आयोजित हुआ। जिसमें उप तहसील प्रेमसर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा ग्राम समिति पदाधिकारी शामिल हुए। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण की शुरूआत भगवान बलराम और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और ध्वज फहराने तथा पौधा रोपण किए जाने के साथ हुई। इस प्रशिक्षण वर्ग में आगामी समय में किए जाने वाले रचनात्मक, संगठनात्मक तथा आंदोलनात्मक गतिविधियों के रूप में भारतीय किसान संघ का कार्य किए जाने की रूपरेखा बनाई गई। प्रशिक्षण वर्ग में उपतहसील अध्यक्ष प्रेमसर महावीर मीणा, मंत्री लखपत सिंह, संभागीय सहमंत्री मूलचंद मीणा, जिलाकार्यालय मंत्री भीमसिंह जाट, पूर्व जिलामंत्री भेरूलाल ननाबद जिलाकार्यकारणी सदस्य सरदार बरियाम सिंह, बाबूलाल मीणा ढ़ोटी, पटेल हरिशंकर पूर्व सरपंच, रामवतार मीना अध्यक्ष, गिर्राज लोधी मंत्री, रामबलवान खिरनी, सरदार हरमीतसिंह, पवन पारीक, बाबूलाल टर्राकला, सर्वसुख शर्मा आसीदा, जुगराज गुर्जर पटपड़ा, शंभूदयाल जागा, पटेल काशीराम धर्मेंद्र रजक अडबाड़ आदि किसान मौजूद थे।

**इस सीजन में 30 जुलाई तक 1050 मिलीमीटर पहुंचा औसत बारिश का आंकड़ा**

## 24 घंटे में बरसा 95.88 मिलीमीटर पानी श्योपुर तहसील में हुई सबसे ज्यादा बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



पिछले दो तीन दिन से हो रही झमाझम बारिश से जिले में कई जगह बाढ की स्थिति निर्मित हो गई है। बीते 24 घंटे में हुई 95.88 मिलीमीटर बारिश ने इस स्थिति को और बढाने का काम किया है। गुजरे 24 घंटे के दौरान यू तो झमाझम बारिश पूरे जिले में हुई है,लेकिन सबसे अधिक बारिश श्योपुर तहसील क्षेत्र में हुई है। जबकि सबसे कम बारिश वीरपुर तहसील क्षेत्र में हुई है। इस सीजन में 30 जुलाई तक श्योपुर जिले में औसत बारिश का आंकडा 1050.9 मिलीमीटर पहुंच गया है।बता दें कि जिले की औसत बारिश 822 मिलीमीटर है। हालांकि गत वर्ष भी जिले में औसत से अधिक बारिश हुई थी,लेकिन गत वर्ष 30 जुलाई तक 452.88 मिलीमीटर बारिश ही हो पाई थी।

जिले के भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार श्योपुर जिले में मंगलवार की सुबह 8 बजे से बुधवार की सुबह 8 बजे तक पूरे जिले में 95.88 मिलीमीटर बारिश हुई है। चार तहसीलों में विभाजित बने श्योपुर जिले में 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक बारिश 174.4 मिलीमीटर श्योपुर तहसील में हुई है। जबकि बडौदा तहसील में 103 मिमी, कराहल तहसील में 154 मिमी, विजयपुर तहसील में 32 मिमी तथा वीरपुर तहसील में 16 मिमी बारिश हुई है।

### इस सीजन में अब तक सबसे ज्यादा बारिश बडौदा में

इस सीजन में बडौदा कस्बे में लगातार पांचवी बार बाढ की स्थिति निर्मित हुई है। इसके पीछे कारण बडौदा तहसील क्षेत्र में अब तक सबसे अधिक बारिश होना है। 30 जुलाई बडौदा तहसील में अब तक कुल 1234.4 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। जो कि जिले की चारों तहसीलों में सबसे अधिक है। इस साल अब तक सर्वाधिक बारिश के मामले में बडौदा का नंबर पहला होने के बाद दूसरे नंबर कराहल तहसील का है।जहां अब तक 1193.2 मिलीमीटर बारिश हो गई है। जबकि श्योपुर तहसील में अब तक 1075.9 मिमी बारिश, विजयपुर तहसील में 851 मिमी तथा वीरपुर तहसील में 900 मिमी कुल बारिश हो गई है। इस तरह जिले की चारों तहसीलों में निर्धारित कोटे से अधिक बारिश हो चुकी है।

### वर्ष 2021 में 1495 मिमी, तो 2024 में 1357 मिमी हुई बारिश

गुजरे 20 सालो के दौरान श्योपुर जिले में सबसे अधिक 1495 मिलीमीटर बारिश वर्ष 2021 के दौरान हुई है। क्योंकि इसी साल श्योपुर जिले में बाढ का कहर बरपा था। गुजरी रात तो श्योपुर शहर के लोगो को सीप नदी का विकराल रूप देखकर 2021 की बाढ का नजारा याद आ गया। वर्ष 2021 में 1495 मिमी बारिश होने के बाद 2022 में 1295 मिमी, वर्ष 2023 में 745 मिमी और वर्ष 2024 में 1357 मिलीमीटर बारिश हुई है।

**पिछले 10 सालों में कुल बारिश**

| वर्ष | बारिश (मिमी में) |
|---|---|
| 2015 | 545.5 |
| 2016 | 842.4 |
| 2017 | 393.1 |
| 2018 | 955.7 |
| 2019 | 974.4 |
| 2020 | 576.3 |
| 2021 | 1495.0 |
| 2022 | 1295.0 |
| 2023 | 745.0 |
| 2024 | 1357.0 |

**इस साल तहसीलवार हुई बारिश**

| तहसील | 24 घंटे में | कुल बारिश | गत वर्ष |
|---|---|---|---|
| श्योपुर | 174.4 | 1075.9 | 1456.50 |
| बडौदा | 103 | 1234.4 | 1860.60 |
| कराहल | 154 | 1193.2 | 1287.10 |
| विजयपुर | 32 | 851 | 1243 |
| वीरपुर | 16 | 900 | 939 |
| कुल | 95.88 | 1050.9 | 1357 |

## विहिप ने सौंपा ज्ञापन, गाय से रेप करने वाले शिक्षक को बर्खास्त किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



राजगढ़ जिले के शासकीय कन्या हायर सेकेंड्री स्कूल में पदस्थ शिक्षक राशिद खान पर गौ माता के साथ कथित कुकृत्य का आरोप लगा है। इस मामले में विश्व हिंदू परिषद श्योपुर ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा और उक्त शिक्षक के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है। ज्ञापन में कहा गया है कि बगडूआ गांव निवासी राशिद खान की यह हरकत 28 जुलाई को सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। फुटेज में वह गौ माता के साथ आपत्तिजनक कृत्य करते हुए दिख रहा है। यह कृत्य हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। विश्व हिंदू परिषद ने उक्त शिक्षक को तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से बर्खास्त करने की मांग की है। साथही चिंता जताई है कि ऐसे विकृत मानसिकता वाला व्यक्ति कन्या स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत रहा तो छात्राओं की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग सकता है।

## 4 को खाटूश्याम मंदिर से शुरू होगी कांवड़ यात्रा, सोनेश्वर महादेव का होगा जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

शहर के कलारना रोड स्थित खाटूश्याम मंदिर से आगामी 4 अगस्त को भव्य कावड यात्रा आरंभ होगी। जो गाजेबाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए किला स्थित सोनेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचेगी। जहां सोनेश्वर महादेव का कावड में भरकर लाए जाने वाले जल से अभिषेक किया जाएगा। सुबह 11 बजे से आरंभ होने वाली इस कावड यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई है।

इस कावड यात्रा के सूत्राधार भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाट ने बताया कि यह कावड यात्रा 4 अगस्त को सुबह 11 बजे कलारना रोड स्थित खाटूश्याम मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना किए जाने के बाद आरंभ होगी। इस कावड यात्रा में भागीदारी करने के लिए कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन करा सकता है। कावड यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन किए जाने का काम 2 अगस्त तक चलेगा। जाट ने बताया कि खाटूश्याम मंदिर से कावड यात्रा सुबह 11 बजे आरंभ हो जाएगी। जो गाजेबाजे के साथ चंबल नहर रोड होते हुए सलापुरा नहर, पाली रोड, पुराना बस स्टैंड,मुख्य बाजार होते हुए किला स्थित सोनेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न होगी। जहां कावड में भरकर लाए जाने वाले जल से सोनेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## पौधों का संरक्षण करेंगे तो भविष्य में वह पेड़ बनकर लाभ देंगे

**बीना।** ग्राम बुखारा में नवांकुर सखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बच्चियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच रामकली कुशवाहा, अतिथि के रूप में केसरी कुशवाहा एवं जगदीश कुशवाहा रहे। इस दौरान सभी अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच रामकली कुशवाहा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए नवांकुर सखी कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। आज हम पौधों का संरक्षण करेंगे तो भविष्य में वे पेड़ बनेंगे और हमें ही लाभ देंगे। केशरी कुशवाहा ने कहा यह एक उत्तम कार्य है, सभी को अपनी सहभागिता देना चाहिए। नवांकुर संस्था से सामाजिक कार्यकर्ता देवेन्द्र राय ने बताया कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा अपनी नवांकुर योजना अंतर्गत आयोजित नवांकुर सखी कार्यक्रम उत्कृष्ट कार्यक्रम है। जो कि पर्यावरण के क्षेत्र महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। वृक्षारोपण अभियान बस न होकर हमारा स्वभाव बनना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विकास खंड समन्वयक नीरज शर्मा, प्रस्फुटन समिति से राजकिशोर कुशवाहा, चन्द्र कली कुशवाहा, क्रांति बाई, चंद्रा कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा, शोभारानी, आराधना कुशवाहा, सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रही

## 4.6 करोड़ से बनेंगे बालक व बालिका छात्रावास

**शिवपुरी।** पीएम जनमन योजना एक ऐसी शासकीय योजना है जिसका मकसद प्रदेश के जनजातीय समूहों को मुख्य धारा में लाना है। शिवपुरी जिले में पीएम जनमन अभियान अंतर्गत 756 बसाहटों एवं धरबी आबा अभियान के अंतर्गत 234 बसाहटों को चिन्हित किया गया है। इसके तहत शिवपुरी ब्लॉक में 4०6 करोड रुपए की लागत से बनने वाले 50 सीटर दो बालक व बालिका छात्रावास जनजातीय समूह के बच्चों को मुख्यधारा में जोड़ने में अहम भूमिका निभाएंगे।यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा वर्चुअली किए गए बालक व बालिका छात्रावासों के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेडिकल कॉलेज के पास सांदीपनि विद्यालयमें कही।इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरवीर रघुवंशी, पूर्व अध्यक्ष राजू बाथम, जनपद अध्यक्ष हेमलता रावत, कलेक्टर रविंद्र चौधरी, जिपं सीईओ हिमांशु जैन, डीईओ विवेक श्रीवास्तव, डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार, पीडब्लूडी ईई मेघा शिवहरे, बीईओ मनोज निगम, बीआरसी बालकृष्ण ओझा, एपीसी अतर सिंह राजोरिया व सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य संजीव पुरोहित मौजूद थे। शहर के मेडिकल कॉलेज स्थित संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा वर्चुअली किए गए दो छात्रावासों के शिलान्यास कार्यक्रम में कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी का कहना था।

### बाढ प्रभावित क्षेत्र अनंतपुर, लिलवारा सहित अन्य गावों में कलेक्टर, एसपी ने किया निरीक्षण

# सेना बबीना की रेक्स्यू टीम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संभाला मोर्चा, भाजपा के जनप्रतिनिधि पहुंचे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

दो दिन से जारी अतिवर्षा के कारण कोलारस विधानसभा के सिंध नदी से लगे हुए गांव टापूओं में तब्दील हो गए हैं। ग्रामीण अंचल के बुजूर्गो का कहना है कि बाढ के ऐसे हालात 100 सालों में हमने पहली बार देखे हैं। पूरे मध्यप्रदेश में इस समय केंद्र बिंदू में कोलारस अनुभाग क्षेत्र के अनंतपुर, लिलवारा, संगेश्वर, पचावली, लालपुर, लगदा, साखनौर, पिपरौदा सहित कुल 34 गांव सिंध नदी के डूब क्षेत्र में आ गए हैं। यदि इसी तरह बारिश होती रही तो उक्त सभी गांवों के अतिरिक्त अन्य ग्रामीण अंचलों में भी बहुत बडी जनहानि और पशु हानि हो सकती है। आगामी संकट को देखते हुए बबीना से आई इंडियन आर्मी ने पूरे रेस्क्यू आपरेशन को अपने हाथों में ले लिया है। साथ ही मौका स्थल पर कलेक्टर रविंद्र चौधरी, एसपी अमन सिंह राठौड सहित कोलारस प्रशासनिक अमले के एसडीएम अनूप श्रीवास्तव, तहसीलदार सचिन भार्गव, प्रदीप भार्गव, एसडीओपी संजय मिश्रा, टीआई रवि चौहान, लुकवासा चौकी प्रभारी बैजनाथ मिश्रा पूरी तरह से मोर्चा संभाले हुए हैं। जहां बहुत अधिक पानी हैं। वहां फंसे हुए लोगों का इंडियन आर्मी द्वारा लगातार रेस्क्यू किया जा रहा है और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। अनंतपुर गांव में ऐसे 32 फंसे हुए लोगों का इंडियन आर्मी ने सफल रेस्क्यू किया। जिन स्थानों पर लोग फं से हुए हैं। वहां पर प्रशासन द्वारा रसद सामग्री पहुंचाने का क्रम जारी है, ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा, प्यासा न रह सके। इस तरह युद्व स्तर पर इस आपदा से निपटने के लिए इंडियन आर्मी सहित पूरा प्रशासन लगा हुआ है। अनंतपुर गांव में फं से लोगों को लुकवासा पंचायत भवन में किया शिप्ट भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिओम रघुवंशी ने की भोजन व्यवस्था, बारिश के कहर और बाढ की आपदा को देखते हुए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन में उनके समर्थक सक्रिय भूमिका में आ गए हैं। मंगलवार की सुबह से ही लुकवासा के भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिओम रघुवंशी भी बाढ प्रभावित क्षेत्र अनंतपुर में पहुंचे। इंडियन आर्मी की रेस्क्यू टीम के साथ उन्होनें नाव से ग्रामीणों को बाहर निकलवाकर अनंतपुर से लुकवासा ग्राम पंचायत भवन में पहुंचाकर उनके भोजन और ठहरने की सुविधा जनक व्यवस्था की।

### किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट, मुआवजा की मांग

अत्यधिक वर्षा होने से अन्नदाताओं के खेत पूरी तरह पानी में डूब गए हैं। सिंध से लगे ग्रामों सहित तेज बारिश के कारण कोलारस विधानसभा में लगभग फ सलें पूरी तरह गल चुकी हैं। इस भयंकर आपदा ने किसानों को पूरी तरह से कंगाल कर दिया है। जनप्रतिनिधि भी किसानों के इस दर्द को समझ रहे हैं और प्रशासन से लगातार शीघ्र सर्वे कराकर मुआवजा की मांग कर रहे हैं। ताकि अन्नदाता को कुछ राहत मिल सके। हरिपुर गांव में निवासरत किसानों के हित में कार्य करने वाले कृषक कल्याण सिंह दांगी का कहना है कि बाढ के कारण खेत तालाब में तब्दील हो गए हैं। मध्यप्रदेश शासन को किसानों के लिए उचित मुआवजा देना चाहिए। ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके।

### सिंध के कहर में आसपास के 34 गांव खतरे की कगार पर

सिंध के कहर में आसपास के 34 गांव खतरे की कगार पर हैं। ग्रामीण अंचल में सभी खेत जलमग्न हो गए हैं। घरों में पानी भर गया है। कई मकान ढह गए हैं। इस भयंकर आपदा में सभी जनप्रतिनिधि आमजनों को सांत्ना और सहयोग हेतु उक्त बाढ प्रभावित गांवों में पहुंच रहे हैं और फंसे हुए लोगों को चिन्हित करने का प्रयास कर प्रशासन को जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। सभी जनप्रतिनिधि अपने साथ खाधान सामग्री सहित भोजन के पैकेट भी पीडितों को वितरित कर रहे हैं। स्थानीय विधायक महेन्द्र यादव, पूर्व नप अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे, भाजयूमो के प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश शर्मा, लोकेन्द्र यादव, कल्याण यादव, यशपाल रावत, भूपेन्द्र रावत, वलवीर निवौरिया, नबल सोलंकी, हरिओम राठौरए श्रीराम गौड, जसवंत पाल, दीपक रघुवंशी, जगदीश जादौन, मंगल कुशवाह, दीपक जैन, देशपाल राजावत, बिटटू सरदार, संदीप सरदार, राम सडैया, रामलखन यादव सहित भाजपा के जनप्रतिनिधि बाढ पीडित क्षेत्र में प्रशासन के साथ मौजूद रहे।

### सिंधिया के निर्देश पर राहत कार्य में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

कोलारस विधायक महेंद्र यादव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सिंध में आई बाढ से प्रभावित हुए गांवों का लगातार वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जायजा ले रहे हैं। उनके प्रयासों से इंडियन आर्मी 5 वोट लेकर बाढ प्रभावित क्षेत्रों में तैनात है। सेना का हेलीकाप्टर भी आया था किंतु मौसम खराब होने से उसके द्वारा रेस्क्यू नहीं किया जा सका। श्रीमंत सिंधिया के निर्देश पर बाढ से पीड़ति लोगों के लिए हमने 2 हजार से अधिक भोजन के पैकेटों का वितरण कराया है। भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता इस आपदा की घड़ी में एकजुट होकर काम कर रहे हैं। हमारे क्षेत्र के सभी प्रशासनिक अधिकारी दिन रात भूखे प्यासे राहत कार्य में जुटे हुए हैं। में भी विधानसभा सत्र को छोड़कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लगातार दौरा कर रहा हूं।

### इनका कहना है

सिंध में आए उफान के बाद पूरा राजस्व अमला 2 दिन से प्रभावित क्षेत्रों का मुआयना कर रहे हैं। जो लोग बाढ़ में फं से हुए हैं उन्हें चिन्हित कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। सभी लोगों के लिए भोजन और ठहरने की उचित व्यवस्था की जा रही है। इस राहत कार्य में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र यादव सहित सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग इस आपदा की घड़ी में प्रशासन को मिल रहा है। सेना और पुलिस बल सुरक्षा को लेकर पूरी तरह चाक चौबंद है।

**अनूप श्रीवास्तव,** एसडीएम कोलारस

हमने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित कर दिया है कि जहां भी नदीए नाले उफान पर हैं वहां सुरक्षा व्यवस्था बढा दी जाए। बाढ प्रभावित क्षेत्रों में बेरिकेड्स लगाकर वाहनों की आवाजाही को बंद कर दिया है। में भी लगातार क्षेत्र में निरीक्षण कर रहा हूं। सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक.चौबंद कर दी गई है।

**संजय मिश्रा,** एसडीओपी कोलारस

### सेना ने घुरवारखुर्द में पानी से घिरे 12 लोगों को रेस्क्यू किया



बदरवास। जिले बदरवास तहसील के ग्राम घुरवार खुर्द में पानी से घिरे 12 लोगों का भारतीय सेना ने रेस्क्यू कर लोगों को सुरक्षित निकाला गया। प्रशासन लगातार लोगों से संपर्क मैं बन हुआ है। घुरवार के 100 से अधिक लोगों को घुरवार निवासी बंटी यादव पुत्र धर्मा यादव द्वारा अपने निवास पर रात रोकने और भोजन की व्यवस्था की कराई गई। बदरवास तहसीलदार प्रदीप भार्गव ने पूरे बदरवास का मोर्चा संभाला हुआ है सभी लोगों को हर सम्भव मदद पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। तहसीलदार घुरवार पर लगातार मौजूद रहे और भारतीय सेनावके जवानों ने सभी लोगो को सुरक्षित निकाला और सभी लोगो को प्राथमिक उपचार सेना द्वारा किलिनिक बना कर दिया गया।

## बाढ़ राहत में तेजी, सिंधिया ने एयरलिफ्ट ऑपरेशन के दिए निर्देश



शिवपुरी। गुना संसदीय क्षेत्र में हालिया अतिवृष्टि से उत्पन्न बाढ़ स्थिति पर केंद्रीय संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री तथा स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गंभीर संज्ञान लिया है। मंगलवार शाम उन्होंने अशोकनगर, गुना और शिवपुरी जिलों के कलेक्टरों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बाढ़ की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली जा रही है। शिवपुरी जिले के बदरवास और कोलारस सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों में फ ंसे नागरिकों को निकालने के लिए एयरलिफ्ट ऑपरेशन की तैयारी शुरू हो चुकी है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य केंद्रीय गृह मंत्रालयए रक्षा मंत्रालय और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की सतत निगरानी में संगठित और प्रभावी ढंग से जारी हैं। सिंधिया ने बताया कि वे लगातार गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के साथ संपर्क में हैं। राहत कार्यों को गति देने के लिए उन्होंने रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंहए एयर वाइस मार्शल विक्रम गौड़ और एओसी मनीष शर्मा से चर्चा कर आवश्यक समन्वय सुनिश्चित किया है। वे निरंतर जिला प्रशासन और भारतीय वायुसेना के संपर्क में हैं। साथ हीए प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से भी स्थितियों की नियमित जानकारी साझा की जा रही है। आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त सहायता हेतु समन्वय लगातार जारी है। केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर राहत कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। सिंधिया ने कहा हर नागरिक की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी हैए और हमारा प्रयास निरंतर इसी संकल्प के साथ जारी है।

### रातभर चला रेस्क्यू ऑपरेशन, युद्धस्तर पर राहत प्रयास जारी

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशों के तहत, अशोकनगर, गुना और शिवपुरी जिलों में प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय है। जिलाधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों के समन्वय से प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इस अभियान के तहत बाढ़ में फ ंसे ग्रामीणों और मवेशियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया जा रहा है। राहत कार्यों में जिला प्रशासन, पुलिस, होमगार्ड और स्थानीय बचाव दलों ने पूर्ण समन्वय और तत्परता के साथ निर्णायक भूमिका निभाई है।

# पत्नी व सह-अभियुक्तों को पति की हत्या पर उम्रकैद

### जघन्य और सनसनीखेज हत्याकांड के मामले में फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश करैरा ने एक जघन्य और सनसनीखेज हत्याकांड के मामले में अभियुक्त रेखा राजपूत (29 वर्ष), अजय राजपूत (28 वर्ष) और कल्ला उर्फ मोहन सिंह राजपूत (24 वर्ष), निवासी ग्राम बम्हारी, थाना दिनारा, को रामकिशोर राजपूत की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही तीनों अभियुक्तों पर 5000-5000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। यह मामला अपने क्रूर और सुनियोजित स्वरूप के कारण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना 29 मार्च 2023 की शाम करीब 7:00 बजे की है, जब रामकिशोर (मृतक) अपनी ससुराल ग्राम बम्हारी, थाना दिनारा आए थे। वह उत्तर प्रदेश के बबीना थाना क्षेत्र के ग्राम बुडपुरा के निवासी थे। उस रात गांव में ललनजू मास्टर के यहां भजन कार्यक्रम का आयोजन था। फरियादी महेश लोधी, उनके भाई-बहन और अन्य परिजन रामकिशोर से मिलने के बाद भजन कार्यक्रम में शामिल होने चले गए। रेखा भी उनके साथ थी, जबकि रामकिशोर घर पर अकेले रह गए। भजन कार्यक्रम के दौरान रेखा ने महेश को बताया कि कोई उन्हें घेर रहा है। इस सूचना पर महेश अपने भाई-बहनों के साथ रेखा के घर पहुंचे, जहां उन्होंने रामकिशोर को आंगन में टपरिया के पास खून से लथपथ पड़ा पाया। उनके गले में गहरा घाव, दाहिनी आंख के पास और पीठ पर चोटें थीं, दांत टूटे थे, और पास में उनकी मोटरसाइकिल पड़ी थी। यह दृश्य देखकर परिजन स्तब्ध रह गए।

थाना दिनारा में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध क्रमांक 71/23, धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान साक्ष्य जुटाए, जिनके आधार पर रेखा, अजय राजपूत और कल्ला उर्फ मोहन सिंह को आरोपी बनाया गया। अभियोग पत्र माननीय न्यायालय करैरा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजन अधिकारी सुनील कुमार भदोरिया ने ठोस तर्क और साक्ष्य प्रस्तुत किए। उनके तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने तीनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई।

### करैरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला

# आशा कार्यकर्ताओं ने बीएमओ रोहित भदकारिया पर लगाए शोषण के आरोप

**करैरा।** करैरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) रोहित भदकारिया पर आशा कार्यकर्ताओं सुमन वंशकार और राजकुमारी लोधी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। इनमें जातिसूचक गाली-गलौज, महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार, शराब के नशे में निरीक्षण, और धमकी देने जैसे संगीन इल्जाम शामिल हैं। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को आवेदन सौंपकर कठोर कार्रवाई की मांग की है। दोनों आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि 18 जुलाई को बीएमओ ने उन्हें 19 जुलाई की मीटिंग के लिए सूचित किया। इस बैठक में सुमन वंशकार और राजकुमारी लोधी को निशाना बनाया गया। सुमन के अनुसार, उनके हाथ में चोट थी, जिसे बीएमओ ने अपमानजनक ढंग से ह्लकिसी के द्वारा काटनेह्व का तंज कसते हुए सभी के सामने उनकी बेइज्जती की। विरोध करने पर उन्हें मीटिंग से बाहर निकाल दिया गया। राजकुमारी लोधी ने खुलासा किया कि बीएमओ बार-बार उनसे उप-स्वास्थ्य केंद्र के एग्रीमेंट की मांग करते हैं, जबकि यह उनके कार्यक्षेत्र में नहीं आता। इसके बावजूद, उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है।

आरोपों के मुताबिक, बीएमओ रोहित भदकारिया नशे की हालत में क्षेत्र का भ्रमण करते हैं और महिला कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। राजकुमारी ने बताया कि बीएमओ ने उनके घर में बिना अनुमति प्रवेश कर मोबाइल से वीडियो बनाया और एफआईआर की धमकी दी। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उनके पति द्वारा संचालित उप-स्वास्थ्य केंद्र का किराया पिछले दो वर्षों से ग्वालियर के क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं कार्यालय द्वारा भुगतान किया जाता है, जो जिला प्रशासन के आदेशानुसार है। फिर भी, बीएमओ द्वारा अनावश्यक दबाव बनाया जाता है।

**जातिसूचक शब्द उपयोग करने की शिकायत की, कार्रवाई की गुहार**

सुमन और राजकुमारी ने बताया कि बीएमओ ने सीएमएचओ और अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा जारी प्रशासनिक पत्रों का भी अपमान किया। शिकायतकर्ताओं को लगातार धमकियां दी जाती हैं, जिसमें थाने में शिकायत दर्ज कराने और नौकरी से हटाने की चेतावनी शामिल है। इन कृत्यों से दोनों आशा कार्यकर्ताओं को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, ग्वालियर में शिकायत दर्ज कर बीएमओ के खिलाफ एफआईआर की मांग की है।

### इनका कहना है

मेरे संज्ञान में नहीं है जो भी शिकायत की गई होगी वह झूठी एवं निराधार होगी एक आशा कार्यकर्ता से एग्रीमेंट मांगा गया था उसकी बिल्डिंग टूटी फूटी होने की जानकारी प्राप्त हुई थी । इससे भी शिकायत कर सकती है।

**रोहित भदकारिया** बीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

### महिलाओं से करते है अपमानजनक भाषा का प्रयोग

आशा कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि बीएमओ की मनमानी के कारण कार्यस्थल पर असुरक्षित माहौल है। महिलाओं के साथ अपमान जनक व्यवहार और जातिसूचक टिप्पणियां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती हैं। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग से निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। यह मामला स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान का गंभीर मुद्दा उठाता है। आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण है, और ऐसे में उनके साथ दुर्व्यवहार न केवल उनकी कार्यक्षमता को प्रभावित करता है, बल्कि समुदाय की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर डालता है। शिकायतकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि उनकी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई होगी और दोषी के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

### बेतवा नदी का बढ़ा जलस्तर, किनारे के लोगों की परेशानी बढ़ी

# हांसलखेड़ी में पिता पुत्र व हांसुआ में परिवार के 4 का रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

भोपाल एवं विदिशा में हो रही बारिश के कारण बेतवा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जिसमें बाढ़ जैसे हालत निर्मित हो गए है। बेतवा नदी के कारण बीना नदी में भी जलस्तर बढ़ने लगा है। दोनों नदियों के जलस्तर बढ़ने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश का पानी भरने लगा है। जिस कारण हांसुआ एवं हांसलखेड़ी गांव में 6 ग्रामीणों को एसडीएम विजय डेहरिया के कुशल नेतृत्व में एसडीआरएफ, पुलिस एवं प्रशासन की टीम ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। जिसमें आगासौद थाना प्रभारी नितिन पाल, बीना थाना प्रभारी अनूप यादव, एसडीआरएफ ऑपरेटर भारत सिंह, सहायक देवेंद्र राजपूत, कैलाश दुबे, आनंदी होम गार्ड सागर की टीम के द्वारा रेस्क्यू कर सभी को सुरक्षित बाहर निकालने का सराहनीय कार्य किया गया। हांसलखेड़ी में पिता-पुत्र का किया रेस्क्यू- बेतवा नदी में बहाव अधिक होने से ग्राम हांसलखेड़ी में घर के अंदर फंसे कल्लू पिता गजराज उम्र 37 वर्ष एवं सत्यम पिता कल्लू उम्र 6 वर्ष को एसडीआरएफ की टीम के साथ आगासौद थाना प्रभारी नितिन पाल बोट पर बैठ कर पिता पुत्र के पास पहुंचे और उन्हें बोट पर बैठा कर उनका रेस्क्यू किया जाकर सुरक्षित स्थाना पर लाया गया। ग्राम हांसुआ में 4 का किया रेस्क्यू- इसके अलावा हांसुआ में कल्याण पिता जालम सिंह लोधी उम्र 65 वर्ष, जड़ेल पिता कल्याण उम्र 28 वर्ष, निशा बाई पिता कल्याण उम्र 35 वर्ष एवं कमला बाई पति कल्याण सिंह उम्र 60 वर्ष सभी निवासी हांसुआ को नाव से रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया। यह सभी एक ही परिवार के थे। रेस्क्यू के बाद सभी ने प्रशासन का आभार माना। तहसीलदार ने किया निरीक्षण- बेतवा के कारण ग्रामीण क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे बारिश के पानी की सूचना मिलने पर तहसीलदार डॉक्टर अंबर पंथी ने बेतवा से लगे गांव हिन्नोद, कंजिया, जोध, बगसपुर, लखाहार एवं सिरचौपी का निरीक्षण किया है। तहसीलदार पंथी ने बताया कि यदि स्थिति बिगड़ती है तो सभी पंचायतों एवं शासकीय स्कूल भवनों में लोगों को रोकने एवं उनके भोजन आदि की तैयारी की गई है, फिलहाल स्थिति ठीक है। ाढ़ के कारण खेतों में पानी भर जाने के कारण बेतवा नदी एवं बीना नदी के किनार पर लगे खेतों में नदियों का पानी भर जाने के कारण उनकी फसल खराब होने समाचार मिल रहे है।



